# लखनऊ वाले सोलर से हर दिन बना रहे नौ लाख यूनिट बिजली

अंशू दीक्षित • जागरण

- सोलर से बिजली बनाने में लखनऊ देश में नंबर दो पर
- 67 हजार से अधिक घरों में पीएम सूर्य योजना से लगे सोलर



गोमती नगर के विवेक खंड में लगे घरों में रूफ टाप सोलर।

लखनऊ : पीएम सूर्य योजना से बिजली बनाने में लखनऊ वालों का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। शनिवार तक राजधानी में रूफ टाप सोलर का आंकड़ा 67,636 तक रहा। लखनऊ में प्रतिदिन सोलर से नौ लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस तरह देश में रूफ टाप सोलर के मामले में लखनऊ नंबर दो और प्रदेश में नंबर एक बन चुका है। नंबर एक पर सूरत है। राज्यों की बात की जाए तो गुजरात नंबर एक पर, महाराष्ट्र दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे नंबर पर है।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) ने फरवरी 2024 में जब पीएम सूर्य योजना की शुरुआत की थी, उस वक्त यूपीनेडा के पास मात्र चार सौ अधिकृत वेंडर थे। दस जनवरी 2026 तक वेंडरों की संख्या साढ़े चार हजार से अधिक हो गई है। पीएम सूर्य योजना की बढ़ती डिमांड से हर वेंडर लाखों रुपये कमा रहा है। यूपीनेडा ने नौ जनवरी 2026 को करीब ग्यारह सौ रूफ टाप सोलर अपने अधिकृत वेंडरों से लगवाए। घर में सोलर लगने के बाद बिजली का बिल जहां आधा हो जा रहा है, वहीं किफायत से चलने वाले लोगों का बिल नाममात्र आ रहा है। कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जो साल के चार से पांच माह में सरप्लस यूनिट सोलर से बना लेते हैं और फिर उसका उपयोग आगे के माह में कर रहे हैं। इससे उनका बजट सुधर गया है। यूपीनेडा के मुताबिक यूपी के 75 जनपदों में नौ जनवरी 2026 तक तीन लाख 35 हजार 183 रूफ टाप सोलर लगाने का काम हो चुका है।

> पीएम सूर्य योजना की मांग एकदम से बढ़ गई है। करीब साढ़े चार हजार से अधिकृत वेंडर यूपीनेडा के हैं। कोई खाली नहीं है। डिमांड इतनी ज्यादा है कि आवेदनकर्ता के घर में रूफ टाप सोलर लगवाने के लिए वेंडरों को अतिरिक्त मैन पावर का प्रयोग करना पड़ रहा है। आवेदनकर्ताओं को समझ में आ रहा है कि यह एक ऐसा निवेश है, जो लंबे समय तक आर्थिक लाभ देने वाला है। –**पंकज सिंह**, सचिव, यूपीनेडा।

## पीएम सूर्य योजना में मिल रही सब्सिडी

| किलोवाट | केंद्र से सब्सिडी | राज्य से सब्सिडी | कुल अनुदान |
|---|---|---|---|
| एक | तीस हजार | 15 हजार | 45 हजार रुपये |
| दो | 60 हजार | तीस हजार | 90 हजार रुपये |
| तीन | 78 हजार | तीस हजार | 1,08000 रुपये |
| चार | 78 हजार | तीस हजार | 1,08000 रुपये |
| पांच | 78 हजार | तीस हजार | 1,08000 रुपये |

नोट : किसी प्रकार की समस्या व शिकायत के लिए वेबसाइट https://upnedasolarsamadhan.in कर सकते हैं।

## यूपी में दस जिले, जहां सबसे अधिक पीएमसूर्य योजना की डिमांड

| जिला | अब तक लगे रूफ टाप सोलर |
|---|---|
| लखनऊ | 67,665 |
| वाराणसी | 28,310 |
| कानपुर नगर | 20,498 |
| बरेली | 14,444 |
| आगरा | 12,147 |
| प्रयागराज | 10,869 |
| रायबरेली | 9,476 |
| झांसी | 8,650 |
| बाराबंकी | 7,043 |
| गोरखपुर | 6,866 |